कार्यालय जनपद न्यायाधीश, बलरामपुर

(नजारत अनुभाग)

सूचना

वित्तीय वर्ष 2022–2023 (दिनांक 16.07.2022 से 31.03.2023 तक) के लिए जनपद न्यायालय, बलरामपुर के नवीन न्यायालय परिसर में कैन्टीन की खुली नीलामी दिनांक 16.07.2022 समय 04 बजे सांय नवीन न्यायालय परिसर के मीटिंग हाल में की जानी है। नीलामी में भाग लेने वाले प्रत्येक व्यक्ति अपना आवेदन 15.07.2022 तक सांय 05 बजे तक केन्द्रीय नजारत अनुभाग जजी बलरामपुर में प्रस्तुत करना होगा।

उपरोक्त के सन्दर्भ में खुली नीलामी हेतु बायलॉज संलग्न कर दिये गये है।

उल्लेखनीय है कि शासनादेश संख्या–256/78––2–2018–42आई0टी0/2017टी0सी0 के अन्तर्गत वित्त (लेखा) अनुभाग–1, उ0प्र0 के शासनादेश संख्या ए–1–864/दस–08–15(1)/86 दिनांक 23 सितम्बर 2008 के अनुरूप रू 1,00,000/– से अधिक मूल्य के सामान/सेवायें टेण्डर आमंत्रित करने की निविदाओं के लिये सीमा बढाकर 10,00,000/– रूपये कर दिया गया। नवीन न्यायालय परिसर में कैन्टीन के लिये बुक मूल्य 10,00,000/– रूपये से कम दर्शित हो रहा है। अतः ई–टेण्डरिंग पोर्टल खुली नीलामी नोटिस डाले जाने की आवश्यकता प्रतीत नहीं होती है।

जनसाधारण की सूचना हेतु उपरोक्त नोटिस http://www.allahabadhighcourt.in/ तथा https://districts.ecourts.gov.in/balrampur पर विस्तृत जानकारी को माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय के अनुमोदन के उपरान्त अपलोड कर दिया जायेगा।

जनसाधारण की सूचना हेतु संलग्नक नोटिस दैनिक समाचार पत्रों में भी प्रेषित कर दिये जायेगें।

<u>आदेश की प्रतिलिपि निम्न सूचना पटों पर चस्पा कराया जाए</u> :–

1. जनपद न्यायालय, बलरामपुर,
2. जिलाधिकारी, बलरामपुर, तहसील, बलरामपुर,
3. लोक निर्माण विभाग (प्रान्तीय खण्ड), बलरामपुर,
4. रोडवेज बस स्टेशन, बलरामपुर,
5. रेलवे स्टेशन (झारखण्डी), बलरामपुर,
6. विकास भवन, बलरामपुर के सूचना पटो पर चस्पा किया जाए।
7. जिला सूचना अधिकारी बलरामपुर को जी0ओ0 नं0.562/19–2–2007–1007/76(टी0सी0) दिनांकित 04.07.2007 के अनुरूप समस्त स्थानीय समाचार पत्रों में विज्ञप्ति निःशुल्क प्रकाशित कराये जाने एवं सूचनापट पर चस्पा किये जाने हेतु प्रेषित।
8. सिस्टम ऑफीसर, माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद एवं जनपद न्यायालय बलरामपुर की बेबसाइट पर अपलोड कराये जाने हेतु।

दिनांक–04.07.2022

(रत्नेश दीप कमल आनन्द) 04/7/22
सदस्य, नीलामी समिति/
मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट
बलरामपुर।

(जहेन्द्र पाल सिंह) 4/7/22
सदस्य, नीलामी समिति/अपर
जनपद एवं सत्र न्यायाधीश
/एफ.टी.सी.–प्रथम,
बलरामपुर।

(महेन्द्र नाथ) 4.7.2022
अध्यक्ष, नीलामी समिति/
अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष
न्यायाधीश (पोक्सो एक्ट)
बलरामपुर।

अनुमोदित
05/7/2022